श्याम एक सहारा | By Rajeev Toofani

अपना तो है एक सहारा खाटू वाला श्याम हमारा
गर्व से हम कहते हैं सांवरे की कृपा से चले अपना गुज़ारा
अपना तो है एक सहारा .....

जबसे इसका साथ मिला करता नहीं फिकर
रहता हर पल साथ मेरे बांके हमसफ़र
हम दीनो का नाथ सांवरा ले हाथों में हाथ सांवरा
बदले पल में नज़ारा
सांवरे की कृपा से चले अपना गुज़ारा
अपना तो है एक सहारा .....

आँख मिचोली सुख दु:ख ने खेला था जमकर
जबसे पकड़ी श्याम ने डोर मेरी कस कर
थम सी गई है अब हर हलचल खुशियों में बीते मेरा हर पल
जीवन मेरा संवारा
सांवरे की कृपा से चले अपना गुज़ारा
अपना तो है एक सहारा .....

और भला हम क्या चाहें इतनी है अरदास
रखना अपने चरणों के हमको हमेशा पास
है दिल की यही आखिरी ख्वाहिश हाथ जोड़ के तुमसे गुज़ारिश
कुंदन करे तुम्हारा
सांवरे की कृपा से चले अपना गुज़ारा
अपना तो है एक सहारा .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-rajeev-toofani/